एकता-भाईचारे का संदेश देकर मनाया गया ईद का पर्व

गाडरवारा, देशबन्धु। मुस्लिम समुदाय ने ईद उल फितर यानी मीठी ईद का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हुए एकता भाईचारे का संदेश दिया। रमजान के एक महीने के रोजा रखकर कठिन तपस्या के बाद मुस्लिम भाईयो ने राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में सामूहिक रूप से ईद की नमाज पड़ी।

जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जुवेर आलम साहब ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराते हुए वतन की तरक्की खुशहाली, अमनो अमान एकता भाईचारे के लिए दुआए की। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के हजारो लोगो ने ईद की नमाज अदा कर अपने रब को याद किया। ईद का यह त्योहार आपसी मोहब्बत भाईचारा और एकता का संदेश देता

गले मिलकर दीं ईद की बधाइयां

है पुराने गिले शिकवे भूलकर लोग एक दूसरे से गले मिलकर रिश्तो को मजबूत करते हैं । ईद पर मीठी सेवइयां पकवानों की खुशबू ईद के त्यौहार को और खुशनुमा बना देती है। ईद की नमाज के बाद जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने संबोधित करते अहले वतन को ईद की मुबारक बाद देते हुए कहा कि ईद का पर्व हमे मोहम्मद भाईचारे का पैगाम देता है। जमा मस्जिद कमेटी की ओर से राजस्व विभाग. पुलिस विभाग. नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त करते प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया।

ईदगाह के बाद सभी मुस्लिम भाई कब्रिस्तान पहुंचे और वहा पर उन्होंने इत्र खुशबू, फूल, अगरबत्ती पेश कर मरहूमो के हक में दुआएं की। ईद की नमाज जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद और फैजाने मदीना मस्जिद में भी पढ़ाई गई। सभी जगह प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा पुलिस बल तैनात रहा।

ईदगाह के समक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पार्षद जिनेश जैन, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अभिनव ढिमोले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, अनिल सोनी, एडवोकेट अनुज चौकसे, सुनील नीखरा, आयुष जैन, पूर्व अध्यक्ष महमूद पहलवान, मुस्लिम विकास परिषद के अब्दुल फिरोज खान, हसनी हुसैनी सोसायटी अध्यक्ष लकी अली, आशिक हुसैन, मुस्लिम त्योहार कमेटी के मुजीव खान, फारुख खान ने मुस्लिम भाइयों को खुशबू लगाकर गले मिलकर गंगा जमुना तहजीब के साथ ईद की मुबारक बाद दी।

ईदगाह के सामने प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, नगर पालिका से प्रमोद चौहान आदि उपस्थित रहे। नगर में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ ईद का पर्व मनाया गया, लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाइयां दीं। नगर में दिन भर ईद की मुबारक बाद देने का सिलसिला जारी रहा। लोग एक दुसरे के भी घर पहुचे ओर मीठी सिवईयो का आनंद भी लिया।

मनकवारा में जल संरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच का निर्माण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मप्र जनअभियान परिषद गोटेगांव के तत्वावधान में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में ग्राम पंचायत मनकवारा के स्वधान परिसर गणेश प्रतिष्ठान में वर्षा जल के संचय के लिए जल संरचनाओं के लिए कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया।

इसके अलावा जल संरक्षण व संवर्धन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्य में नवांकुर संस्था मनकवारा, अकोला, वंदना आदर्श शिक्षा समिति करकबेल तथा सीएमसीएलडीपी के छात्रों व परामर्शदाताओं सहित गणेशपीठाधीश्वर के स्वामी श्री लालबाबा महाराज ने अपनी सहभागिता दी।

मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा ने बताया कि जल संरचनाओं के निर्माण से वर्षा का जल वर्षाकाल में संचय किया जाएगा। जिससे भूमिगत जल में वृद्धि होगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान

उन्होंने बताया कि जल संरक्षण व संवर्धन अभियान के लिए जल संरचनाओं का निर्माण 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अंतर्गत किया जा रहा है।

वर्षा काल में यहां सघन पौधारोपण किया जाएगा, ताकि यह क्षेत्र हराभरा और जल संचय युक्त बन सके।

सार-समाचार

गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग

गाडरवारा, देशबन्धु। आज एक अप्रैल से स्कूलों मे नया शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है। नये सत्र के संदर्भ मे प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ ने गर्मी के मौसम को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह से करने की मांग की है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष मधुसूदन पटैल ने कहा कि अप्रेल माह से ही गर्मी शुरू हो जाती है जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। इसीलिए छात्र छात्राओं के हित मे स्कूलों का संचालन सुबह से किये जाने के निर्देश जल्द जारी हों। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, संदीप मेहरा, वीरेंद्र शर्मा, सीताराम पटैल, हरगोविंद लोधी, रामकुमार साहू सहित अन्य ने स्कूलों का संचालन सुबह से किये जाने के निर्देश जल्द जारी किये जाने की मांग की है।

वैश्य दिवस एवं तिलक वंदन का कार्यक्रम आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई नरसिंहपुर के तत्वाधान मे वैश्य दिवस गुड़ी पड़वा नवसंवत्सर हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री इंजीनियर सुनील कोठारी के मार्गदर्शन में वैश्य दिवस एवं तिलक वंदन का कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर तहसील इकाई,युवा इकाई और महिला इकाई सदस्यों द्वारा वाहन रैली निकाली गई । तत्पश्चात सदर मढिया में आए सभी दर्शनार्थियों का तिलक वंदन कर नव वर्ष की शुकामामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री इंजी. सुनील कोठारी , श्रीमती संध्या कोठारी, महिला इकाई तहसील अध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी, तहसील अध्यक्ष इंजी के के सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा इकाई संदीप नेमा एडवोकेट, तहसील प्रभारी आशीष नेमा (तुलसी), मीडिया प्रभारी संजय राय, सुधीर जैन, आशुतोष वर्मा, सनी केशरवानी ,विकास नेमा,नीरज साहू, श्रीमती सरिता अग्रवाल ,श्रीमति अर्चना सोनी,श्रीमति श्रृद्धा सोनी,संतोष नेमा सुरेंद्र सोनी एडवोकेट नवीन सोनी सहित युवा इकाई से रोहित नेमा, श्रीमती भारती कौरव, श्रीमती सुमन शर्मा, श्री सोमराज कोरी एवम् तीनों इकाई के अनेक सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। आगामी 7 अप्रैल को वैश्य महासम्मेलन द्वारा सामूहिक जवारे समिति सदर मढिया प्रांगण में देवी गीत गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे नगर के उभरते गायक कलाकारों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

सैनिक सेवाराम मरावी को दी श्रद्धांजलि

नरसिंहपुर, देशबन्धु। होमगार्ड में पदस्थ सैनिक स्व. सेवाराम मरावी का सेवा के दौरान सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया। स्व. श्री मरावी जिला नरसिंहपुर के ग्राम आलोद के रहने वाले थे, श्री मरावी की होमगार्ड में नियुक्ति दिनांक 1.11.1990 को जिला नरसिंहपुर में हुयी थी। श्री मरावी अपनी सेवाकाल के दौरान विभिन्न थानों में पदस्थ रहकर कानून व्यवस्था डियुटियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। होमगार्ड कार्यालय नरसिंहपुर में पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, सेनानी होमगार्ड टीआर चौहान, रक्षित निरीक्षक मनोरमा बघेल, थाना प्रभारी मुंगवानी संजय सूर्यवंषी, पीसी वीरेन्द्र सूर्यवंषी एवं अन्य स्टाफ के द्वारा स्व. सेवाराम मरावी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

धूमधाम से मनाई झूलेलाल जयंती

गाडरवारा, देशबन्धु। सिंधी समाज संगठन द्वारा भगवान झूलेलाल जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई सुबह 8 बजे ठंडा चौक से दीप प्रज्ज्वलित व आरती के बाद प्रसाद बांटा गया इसके बाद वाहन रैली निकली जो प्रमुख मार्गो से होते हुए झूलेलाल मंदिर में समाप्त हुई ।

दोपहर 11 बजे से गुरुद्वारे में भोग साहब की समाप्ति कर भगवान श्री झूलेलाल जी के भजन कीर्तन मंदिर के भाई साहब राजेश भाई उदासी व राजकुमार उदासी द्वारा प्रस्तुत भगवान श्री झूलेलाल जी के भजन कीर्तन पर सभी बुजुर्गों व युवा साथियों एवं महिलाओं ने जमकर डांडिया व डांस किया। इसके बाद भगवान श्री झूलेलाल जी आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया दोपहर 2 बजे भोजन प्रसादी हुआ आम भंडारा किया गया।

शाम पांच बजे मंदिर से भगवान श्री झूलेलाल जी का शोभा यात्रा जुलूस निकाला गया। जुलूस का स्वागत मन्नत कंपलेक्स झंडा चौक सराफा पुराना गल्ला मंडी में सभी सामाजिक बंधुओ व समाजिक संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर किया गया एवं प्रसादी वितरित की गई।

जुलूस मे भगवान श्री झूलेलाल की का स्वरूप व माता दुर्गा जी का बाल स्वरूप की झांकी निकाली गई जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। जुलूस झंडा चौक से

शोभायात्रा निकाली

पुराना गल्ला मंडी होते हुए पुरानी सब्जी मंडी झंडा चौक पर झूलेलाल की व माता जी की आरती व आतिशबाजी की गई जुलूस पुरानी चौकी से होते हुए स्टेशन सिंधी कॉलोनी से होते हुए गाड़ियों से ककरा घाट पहुंचा। वहा पर जोत विसर्जन की गई। यह जानकारी भारतीय सिंधु सभा के महामंत्री शंकर हेमवनी ने दी। झूलेलाल जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

स्कूल चलें हम अभियान आज से, चार अप्रैल तक चलेगा

गाडरवारा, देशबन्धु। क्षेत्र में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान क्षेत्र में एक से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये जा चुके है। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक मे अनेक प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों को शामिल कराने के निर्देश विभाग ने दिए है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निन्शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें।

इस संबंध में विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। प्रवेश उत्सव के समय ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है।

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के

साईंखेड़ा व चीचली के सभी स्कूलों में होंगे कार्यक्रम

अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किये जाने के निर्देश जारी हुए है।

आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे ने जारी आदेश के माध्यम से क्षेत्रीय अधिकारियो व कर्मचारियो को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये हैं।

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी।

बैठक में नये शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी, जिनका शालाओं में नामांकन नहीं हो पाया है। बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, नीलम मरावी, बीआरसी डी के पटैल एवं संदीप स्थापक ने स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रधान पाठको से कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की है।

उर्दू अकादमी ने आयोजित किया रचना पाठ

गाडरवारा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ज़िला अदब गोशा द्वारा सिलसिला के तहत पं प्रेमनारायण त्रिपाठी एवं सैयद क़ासिम अली को समर्पित स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन गत दिवस ऑडिटोरियम शासकीय महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाडरवारा में ज़िला समन्वयक अनीस शाह के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम मे अनीस शाह अनीस के तीसरे ग़ज़ल संग्रह ज़िक्र तुम्हारा का विमोचन हुआ और ज़िले के शायरों द्वारा काव्य पाठ किया गया।

इस अवसर पर उर्दू अकादमी की निदेशक नुसरत मेहदी ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेमनारायण त्रिपाठी और सैयद क़ासिम अली को समर्पित ज़िला नरसिंहपुर की संगोष्ठी सिलसिला के माध्यम से इस ज़िले की साहित्यिक पृष्ठभूमि से लोग अवगत हो रहे हैं। पूर्व में उर्दू जगत में इस प्रकार के कार्यक्रम नहीं होते थे।

इस दृष्टि से उर्दू अकादमी का यह कार्यक्रम सार्थक और उद्देश्य पूर्ण है। इसी के तहत भाषा और साहित्य के उन्नयन और विकास के लिए त्रिपाठी जी और सैयद क़ासिम अली के योगदान को भी हम स्मरण कर रहे हैं जो हमारा दायित्व है। ज़िले के समन्वयक अनीस शाह ने बताया कि सिलसिला के तहत कार्यक्रम मे स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव ने की। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में शिवाकांत मिश्रा नगरपालिका अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में जबलपुर के वरिष्ठ शायर मुख़्तार नादिर, मिनेंद्र डागा, जवाहर शुक्ल, श्री कीरत सिंह पटैल, नगेन्द्र त्रिपाठी एवं सूफ़ी गायक मनीष शुक्ला आदि मंच पर उपस्थित रहे।

इस सत्र के प्रारंभ में नरसिंहपुर के साहित्यकारों

शेख ज़ाफ़र ख़ान एवं वेणीशंकर पटेल ने नरसिंहपुर के प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाजसेवी प्रेमनारायण त्रिपाठी और महान स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्यकार सैयद क़ासिम अली के जीवनी के विषय मे बताते हुए पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शेख ज़ाफ़र ख़ान ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्यकार सैयद क़ासिम अली के बारे में बताते हुए कहा कि सैयद क़ासिम अली शाह में लेखन प्रतिभा बचपन से ही थी एवं साहस भी उनमें बहुत था। उन्होंने हिन्दी, उर्दू और संस्कृत में महारत हासिल की। वेणीशंकर पटेल ने प्रख्यात शिक्षाविद एवं समाजसेवी पं. प्रेमनारायण त्रिपाठी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के हवाले से चर्चा हुए कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एक आदर्श शिक्षक का जन्म 9 जनवरी 1944 को गाडरवारा तहसील के बम्हौरी कला में हुआ था। 27 जनवरी 1967 को जनपद माध्यमिक शाला डोभी से अपने शिक्षकीय जीवन का प्रारंभ करने वाले श्री त्रिपाठी विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। संस्कृत एवं हिन्दी भाषा के प्रखर विद्वान, हिन्दी साहित्य सम्मेलन एवं राष्ट्र भाषा प्रचार समिति वर्धा के लिये आजीवन कार्य किया। उनकी उपलब्धियों के लिये उन्हें वर्ष 1998 में तात्कालीन राष्ट्रपति महामहिम के आर नारायनन ने भारत सरकार के सर्वोच्च शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण मे मुख़्तार नादिर नेअब तो ग़ैरों से नहीं अपनों से बचना है हमें आज फिर नज़दीक से छल होते होते रह गया रचना प्रस्तुत की। अनीस शाह ने लहू सींचा है इस मिट्टी में कुछ ऐसा शहीदों ने कि फ़स्लें सरफ़रोशी की वतन में लहलहाती हैं रचना सुनाकर आनंदित कर दिया। धर्मेन्द्र आजाद ने उसने आंखों में रखा अश्क बना कर मुझको चाहता तो वो मुझे ख़्वाब बना सकता था रचना सुनाई। गफ्फार भारती ने ऐसे अंदाज़ से काटे हैं उसने मेरे पर होके पिंजरे से भी आज़ाद कहां जाऊंगा रचना पेश की।

ज्योति श्रीवास्तव ने अपने अरमान क़त्ल करके ही रंग ख़्वाबों में भर रही हूँ मैं पंक्तियों को सुनाया। कवि विजय नामदेव बेशर्म ने वक़्ते-रुख़सत भी कब रहा आसान चाय वो भी बना के बैठ गये कविता सुनाई। सचिन नेमा ने जान कर सौदा किया है, बेवफ़ा से जख़्म देगी ये तिज़ारत सब पता है रचना सुनाई। योगेंद्र सिंह योगी ने तुम हो रौशन दिया तो ऐसा करो कुछ दिये तुम भी अब करो रौशन कविता पेश की। कार्यक्रम मे ख़लील करेलवी, शील दुबे, पोषराज मेहरा ने भी रचनाएं प्रस्तुत की।

हॉकी प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों से मिले एसडीएम

नरसिंहपुर, देशबन्धु। हॉकी स्टेडियम में चल रहे ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर में एसडी एम मणिन्द्र कुमार सिंह का आगमन हुआ ।उन्होंने हॉकी प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे कोच व खिलाड़ी बच्चों से मुलाकात की ।

श्री सिंह का स्वयं हॉकी खेल से बड़ा लगाव रहा हैं,आपने आज की नई हॉकी स्टिक के संबंध में जानकारी, हॉकी के नये नियम की जानकारी, हॉकी स्टेडियम का एतिहास , हॉकी अकादमी के खिलाडियों की उपलब्धियों के बारे मैं जानकारी ली एवं हॉकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी नवोदित बच्चों से परिचय प्राप्त कर प्रसन्ता जाहिर की,अकादमी के कोच प्रवीण सिंघई व शिवाम प्रधान ने मैदान पर आने बाली समस्या से अवगत कराया एवं बताया कि वर्तमान में चावरा विद्यापीठ, नरसिंह पब्लिक व अन्य स्कूलो के बच्चे नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है सभी नवोदित खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक, बॉल उपलब्ध करायी जा रही है मुख्य रूप से व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। एसडी एमश्री सिंह ने बच्चों को बताया कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती हैं।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए